File No: 1-1/2022NAI(JPR)-Admin.
भारत सरकार
राष्ट्रीय अभिलेखागार
अभिलेख केन्द्र,
10–ए, झालाना सांस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर 302004

''अनुपयोगी /निराकृत सामान की नीलामी सूचना''

राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर में विभिन्न प्रकार के नकारा/अनुपयोगी सामान जिसमे फर्नीचर, वैज्ञानिक/लेब उपकरण, इलेक्ट्रिक एवं इलैक्ट्रॉनिक सामान, फलैक्स बोर्ड फ्रेम व अन्य सामान जो कि Damaged, Unserviceable, & Unrepairable है, का ''जो है जहॉ है जैसा है'' के आधार पर उच्चतम बोलीदाता की नीलामी स्वीकार करने हेतु दिनांक 18 मई, 2022 से 31 मई 2022 को दोपहर 03:00 बजे तक सील बन्द निविदा आमत्रित की जाती है।

निविदा, निराकृत सामान की नीलामी से संबंधित विस्तृत विवरण, नियम व शर्ते राष्ट्रीय अभिलेखागार अभिलेख केन्द्र, जयपुर अथवा विभाग की वेबसाईट http://nationalarchives.nic.in/ पर अवलोकित की जा सकती है।

सहायक निदेशक
राष्ट्रीय अभिलेखागार
अभिलेख केन्द्र, जयपुर

4042/2022/RC-Jaipur

नीलामी के नियम व शर्तें

1. - राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर में विभिन्न प्रकार का नकारा/अनुपयोगी सामान जिसमे फर्नीचर, वैज्ञानिक/लेब उपकरण, इलेक्ट्रिक एवं इलैक्ट्रॉनिक सामान, फलैक्स बोर्ड फ्रेम व अन्य सामान जो कि Damaged, Unserviceable, & Unrepairable है, का ''जो है जहॉ है जैसा है'' के आधार पर उच्चतम दर की निविदा स्वीकार हो जाने एवं नियमान्तर्गत वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.) का भुगतान करने के आधार पर ही हस्तांतरित किया जाएगा।
2. - निविदादाता को निविदा भरते समय आवश्यक संपूर्ण विवरण जिसमे फोटोयुक्त पहचान पत्र, मोबाईल नंबर, फर्म का G.S.T. विवरण, सुस्पष्ट अंकन हस्ताक्षर सहित सुनिश्चित करने चाहिए, जिसके अभाव मे निविदा अस्वीकार हो सकती है।
3. - निविदादाता द्वारा निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा की धरोहर राशि के निमित्त रूपये 10,000/– मात्र का नकद भुगतान विभाग के रोकडिया को जमा कराकर प्राप्त रसीद की प्रति निविदा मे संलग्न करने पर ही निविदा प्रक्रिया मे सम्मिलित की जाएगी अन्यथा निविदा मान्य नही होगी।
4. - अधिकतम निविदा के प्रस्ताव मे नियमान्तर्गत वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.) का भुगतान सम्मिलित माना जाएगा, जिसे अधिकतम बोलीदाता को ही जमा कराकर रसीद प्रस्तुत करनी होगी। जिसके अभाव मे निविदा निरस्त मानी जाकर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. - इच्छुक निविदाकर्ता नीलामी प्रस्ताव हेतु रखे सामान का अवलोकन(सूचि सहित) दिनांक 18/5/ 2022 से दिनांक 31/5/ 2022 तक की कार्य दिवस अवधि मे प्रातः 10.00 से 5.00 के दौरान कर सकते हैं।
6. - निविदा पत्र प्रस्तुत किए जाने वाले लिफाफे के ऊपर ''राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर मे अनुपयोगी सामान की नीलामी के लिए निविदा 2022'' अवश्य लिखा होना चाहिए एवं निविदाऐं दिनांक 01/06/ 2022 को दोपहर 03:00 तक सहायक निदेशक राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है।
7. - प्राप्त निविदाऐं अगले कार्य दिवस दिनांक 02/06/2022 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। डाक संबंधी विलम्ब के लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
8. - निविदाऐं विभाग के न्यूनतम निर्धारित मूल्य से कम होने की स्थिति मे निविदा प्रक्रिया निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर को होगा।
9. - नीलाम किया जाने वाला सामान राष्ट्रीय अभिलेखागार अभिलेख केन्द्र, जयपुर मे ''जो है जहॉ है जैसा है'' के आधार पर अधिकतम दर की निविदा

स्वीकार करने के आधार पर ही किया जाएगा व निविदा स्वीकार हो जाने के उपरांत संपूर्ण राशि दो कार्य दिवसों मे राष्ट्रीय अभिलेखागार अभिलेख केन्द्र, जयपुर के रोकड़िये को नकद में जमा करानी होगी। यदि अधिकतम स्वीकृत निविदादाता निर्धारित अवधि मे सम्पूर्ण राशि जमा कराने में असफल रहता है तो उसकी निविदा निरस्त कर धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।

10.- नीलामी की संपूर्ण राशि जमा हो जाने के उपरांत निविदादाता द्वारा आगामी पॉच कार्य दिवसों मे नीलामीशुदा सामान उठाना अनिवार्य होगा अन्यथा पॉच कार्य दिवस उपरांत राष्ट्रीय अभिलेखागार अभिलेख केन्द्र, जयपुर मे पडे नीलामीशुदा सामान पर निविदादाता द्वारा कोई दावा मान्य नही होगा व धोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।

11.- निविदा सूचना संबंधित विवरण एवं नियम व शर्तो के संबंध मे राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है अथवा विभाग की वेबसाईट http://nationalarchives.nic.in पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

12.- किसी भी निविदा को औपचारिकता पूर्ण ना होने के कारण अथवा स्वीकार/अस्वीकार/स्थगन/निरस्त करने के पूर्ण अधिकार सहायक निदेशक राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर के पास सुरक्षित रहेंगे।

13.- राष्ट्रीय अभिलेखागार, अभिलेख केन्द्र, जयपुर पर निविदा खोले जाते समय कानून एवं व्यवस्था का पालन करना अनिवार्य होगा।

सहायक निदेशक
राष्ट्रीय अभिलेखागार,
अभिलेख केन्द्र, जयपुर